आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 517 / 2026 अनवान ***चौखाराम व अन्य बनाम राज0 सरकार***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.06.26	वकील अपीलांट उपस्थित। उक्त अपील राज0 भू राजस्व अधिनियम की धारा 75 के तहत उपखण्ड अधिकारी देचू (फलौदी) द्वारा राजस्व आवेदन / मुकदमा संख्या 40 / 2024 में पारित आदेश दिनांक 25.03.2026 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया। वकील अपीलांट की स्थगन प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई तथा अपील के साथ प्रस्तुत दस्तावेजो का अवलोकन किया गया एवं अपीलांट अधिवक्ता की स्थगन के संबंध मे चाही गई इस्तदुआ पर भी मनन किया। आलौच्य प्रकरण में अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन निर्णय दिनांक 25.3.26 के अवलोकन उपरांत अपीलार्थी के पास अधीनस्थ न्यायालय के मूल आदेश कमांकः प्र.ग.स. / 2021 / 834 दिनांक 14.02.22 के विरूद्ध अपीलीय प्रावधान उपलब्ध होने से, उक्त अपील सारहीन व आधारहीन पायी जाने, इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर, फैसल शुमार की जावे। अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय की सत्यप्रति से सूचित किया जावे। (सुनिल चौधरी) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	

न्यायालय अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर